भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 607

उत्तर देने की तारीख : 25.07.2024

**पंजीकृत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम**

607. श्री बाल्या मामा सुरेश गोपीनाथ म्हात्रे:
श्री बिद्युत बरन महतो:
श्री मनीष जायसवाल:
श्री गणेश सिंह:
श्री राजेशभाई नारणभाई चुडासमा:
श्री लुम्बा राम:
श्री पी.पी. चौधरी:
श्री प्रदीप पुरोहित:
श्री विष्णु दयाल राम:
श्री अनिल फिरोजिया :
श्री धर्मबीर सिंह:
श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावा:
श्रीमती कृति देव देबबर्मन:

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 2014 से देश में पंजीकृत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की संख्या और वर्ष 2013 में मौजूद सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) का ओडिशा सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और वर्ष – वार ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों की सहायता करने के लिए कौन–कौन सी योजनाएं और पैकेज आरम्भ किए गए हैं; और

(ग) विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत राजस्थान के पाली और जोधपुर जिलों के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को कितनी वित्तीय सहायता और राजसहायता प्रदान की गई है?

**उत्तर**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री**

**(श्री जीतन राम मांझी)**

(क): एमएसएमई के वर्गीकरण के लिए संशोधित मानदंड के साथ दिनांक 01.07.2020 को उद्यम पंजीकरण पोर्टल की शुरुआत की गई। ओडिशा राज्य सहित उद्यम पंजीकरण पोर्टल और उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र तथा वर्ष-वार संख्या अनुबंध-। के रूप में संलग्न है।

(ख): भारत सरकार, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय, देश में एमएसएमई क्षेत्र के संवर्धन और विकास के उद्देश्य से विभिन्न स्कीमों और कार्यक्रमों का कार्यान्वयन करता है। इन स्कीमों/कार्यक्रमों में प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई), सूक्ष्म और लघु उद्यम-क्लस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी), खरीद और विपणन सहायत स्कीम (पीएमएसएस), एमएसएमई के कार्यनिष्पादन में संवृद्धि और गतिवर्धन (रैम्प), अंतर्राष्ट्रीय सहयोग स्कीम, टूल रूम, प्रौद्योगिकी केंद्र प्रणाली कार्यक्रम (टीसीएसपी), राष्ट्रीय अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति हब (एनएसएसएच) और एमएसएमई चैंपियंस स्कीम आदि शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त, सरकार ने एमएसएमई क्षेत्र की सहायता के लिए कई पहलें शुरू की हैं। इनमें से कुछ पहलें निम्नानुसार हैं:

i. क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट स्कीम के माध्यम से विभिन्न श्रेणी के ऋण के लिए 85% तक के गारंटी कवरेज के साथ एमएसई को 500 लाख रुपए (01.04.23 से प्रभावी) की सीमा तक कोलेटरल मुक्त ऋण।

ii. आत्म निर्भर भारत फंड के माध्यम से 50,000 करोड़ रुपए का इक्विटी समावेशन। इस स्कीम में भारत सरकार से 10,000 करोड़ रुपए के कॉर्पस के लिए प्रावधान है।

iii. एमएसएमई के वर्गीकरण के लिए नया संशोधित मानदंड।

iv. व्यवसाय की सुगमता के लिए उद्यम पंजीकरण पोर्टल के माध्यम से एमएसएमई का पंजीकरण।

v. 200 करोड़ रुपए तक की खरीद के लिए कोई वैश्विक निविदा नहीं होगी।

vi. दिनांक 02.07.2021 से खुदरा और थोक व्यापारों का एमएसएमई के रूप में समावेशन।

vii. एमएसएमई की स्थिति में उर्ध्वगामी परिवर्तन की स्थिति में 3 वर्षों के लिए गैर-कर का लाभ प्रदान किया गया है।

viii. अगले 5 वर्षों में 6,000 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ एमएसएमई के कार्यनिष्पादन में संवृद्धि और गतिवर्धन (रैम्प) कार्यक्रम की शुरुआत की गई है।

ix. श्रम और रोजगार मंत्रालय के राष्ट्रीय कैरियर सेवा (एनसीएस) और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के स्किल इंडिया डिजिटल के साथ उद्यम पंजीकरण पोर्टल का एकीकरण। पंजीकृत एमएसएमई को प्रशिक्षित श्रमशक्ति और उनकी क्षमता निर्माण तक पहुंचने के लिए सक्षम बनाया गया है।

x. विवाद से विश्वास-I के तहत, कटौती की गई कार्यनिष्पादन सुरक्षा, निविदा सुरक्षा और नुकसानी की प्रतिपूर्ति का 95% वापस करके राहत प्रदान की गई है। अनुबंधों की अनुपालना में चूक होने के कारण प्रतिबंधित एमएसएमई को भी राहत प्रदान की गई है।

xi. प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को दिए जाने वाले ऋण (पीएसएल) के तहत दिए जाने वाले लाभों का फायदा प्राप्त करने के लिए अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यमों (आईएमई) को औपचारिक दायरे में लाने के लिए उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म (यूएपी) की शुरुआत की गई है।

xii. 18 व्यापारों में कार्यरत परम्परागत कारीगरों और शिल्पकारों को आद्योपांत समग्र लाभ प्रदान करने के लिए दिनांक 17.09.2023 को 'पीएम विश्वकर्मा' स्कीम की शुरुआत की गई है।

(ग): सरकार की विभिन्न स्कीमों के अंतर्गत राजस्थान के पाली और जोधपुर जिले के एमएसएमई को प्रदान की गई वित्तीय सहायता और सब्सिडी निम्नानुसार है:

खरीद और विपणन सहायता स्कीमों के अंतर्गत व्यापार मेलों/प्रदर्शनियों में प्रत्येक एमएसई की सहभागिता के लिए उसे मेट्रो और ए श्रेणी के शहरों के लिए अधिकतम 1.5 लाख रुपए और अन्य शहरों के लिए 0.80 लाख रुपए तक अधिकतम बजटीय सहायता का लाभ प्रदान किया जाता है।

| वर्ष | पाली | जोधपुर | प्रदान किए गए लाभ/सब्सिडी |
|---|---|---|---|
| 2021-22 | 0 | 4 | इन सभी इकाइयों को पीएमएस स्कीम दिशानिर्देशों के अनुसार सब्सिडी प्रदान की गई थी |
| 2022-23 | 2 | 72 | |
| 2023-24 | 3 | 86 | |

सीजीटीएमएसई के अंतर्गत अनुमोदित गारंटियों का विवरण निम्नानुसार है: :

| | | **वित्त वर्ष 2021-22** | | **वित्त वर्ष 2022-23** | | **वित्त वर्ष 2023-24** | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **जिला** | सं. | राशि करोड़ रुपए में | सं. | राशि करोड़ रुपए में | सं. | राशि करोड़ रुपए में |
| 1 | जोधपुर | 2470 | 225.46 | 4509 | 391.75 | 6555 | 770.64 |
| 2 | पाली | 706 | 34.86 | 1746 | 102.62 | 1435 | 198.30 |
| | **कुल** | **3176** | **260.32** | **6255** | **494.37** | **7990** | **968.94** |

पाली जिला के लिए पीएमईजीपी के अंतर्गत प्रदान की गई सहायता:

| वित्त वर्ष | सहायता प्रदान की गई इकाइयों की संख्या | सृजित रोजगार | मार्जिन मनी सब्सिडी (लाख रुपए में) |
|---|---|---|---|
| वित्त वर्ष 2021-22 | 41 | 328 | 159.36 |
| वित्त वर्ष 2022-23 | 18 | 144 | 84.29 |
| वित्त वर्ष 2023-24 | 22 | 176 | 185.31 |

जोधपुर जिला के लिए पीएमईजीपी के अंतर्गत प्रदान की गई सहायता

| वित्त वर्ष | सहायता प्रदान की गई इकाइयों की संख्या | सृजित रोजगार | मार्जिन मनी सब्सिडी (लाख रुपए में) |
|---|---|---|---|
| वित्त वर्ष 2021-22 | 208 | 1,664 | 1,425.26 |
| वित्त वर्ष 2022-23 | 238 | 1,904 | 2,579.21 |
| वित्त वर्ष 2023-24 | 182 | 1,456 | 2,118.98 |

****

लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 607, जिसका उत्तर दिनांक 25.07.2024 को दिया जाना है, के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

**उद्यम पंजीकरण पोर्टल और उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत एमएसएमई की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या**

| वित्त वर्ष 2020-21(01/07/2020 - 31/03/2021) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | राज्य | सूक्ष्म | लघु | मध्यम | कुल |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 1,749 | 56 | 7 | 1,812 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 57,800 | 6,296 | 971 | 65,067 |
| 3 | अरूणाचल प्रदेश | 662 | 53 | 11 | 726 |
| 4 | असम | 15,385 | 1,552 | 234 | 17,171 |
| 5 | बिहार | 87,727 | 1,898 | 254 | 89,879 |
| 6 | चंडीगढ़ | 4,967 | 663 | 120 | 5,750 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 29,742 | 2,622 | 541 | 32,905 |
| 8 | दिल्ली | 74,343 | 12,662 | 2,370 | 89,375 |
| 9 | गोवा | 5,345 | 594 | 79 | 6,018 |
| 10 | गुजरात | 210,501 | 29,777 | 4,967 | 245,245 |
| 11 | हरियाणा | 88,643 | 12,185 | 1,940 | 102,768 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 11,435 | 1,056 | 269 | 12,760 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 24,927 | 1,354 | 141 | 26,422 |
| 14 | झारखंड | 40,554 | 2,121 | 296 | 42,971 |
| 15 | कर्नाटक | 137,822 | 11,978 | 2,017 | 151,817 |
| 16 | केरल | 65,231 | 5,741 | 724 | 71,696 |
| 17 | लद्दाख | 699 | 31 | - | 730 |
| 18 | लक्षदीप | 39 | - | - | 39 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 102,417 | 8,039 | 1,034 | 111,490 |
| 20 | महाराष्ट्र | 603,694 | 35,206 | 6,200 | 645,100 |
| 21 | मणिपुर | 10,236 | 129 | 11 | 10,376 |
| 22 | मेघालय | 620 | 60 | 18 | 698 |
| 23 | मिजोरम | 1,097 | 17 | 2 | 1,116 |
| 24 | नागालैंड | 687 | 22 | 4 | 713 |
| 25 | ओडिशा | 45,493 | 3,378 | 469 | 49,340 |
| 26 | पुडुचेरी | 3,527 | 272 | 55 | 3,854 |
| 27 | पंजाब | 90,291 | 9,198 | 1,371 | 100,860 |
| 28 | राजस्थान | 217,897 | 15,046 | 2,002 | 234,945 |
| 29 | सिक्किम | 323 | 20 | 4 | 347 |
| 30 | तमिलनाडु | 287,705 | 20,700 | 2,882 | 311,287 |
| 31 | तेलंगाना | 87,102 | 8,635 | 1,660 | 97,397 |
| 32 | दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव | 2,353 | 545 | 154 | 3,052 |
| 33 | त्रिपुरा | 1,564 | 101 | 11 | 1,676 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 202,187 | 13,299 | 1,951 | 217,437 |
| 35 | उत्तराखंड | 20,678 | 1,623 | 277 | 22,578 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 53,441 | 8,167 | 1,454 | 63,062 |
| **कुल:-** | | **2,588,883** | **215,096** | **34,500** | **2,838,479** |

| वित्त वर्ष 2021-22 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | राज्य | सूक्ष्म | लघु | मध्यम | कुल |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 2,813 | 115 | 5 | 2,933 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 137,937 | 8,667 | 560 | 147,164 |
| 3 | अरूणाचल प्रदेश | 2,157 | 89 | 11 | 2,257 |
| 4 | असम | 68,474 | 3,440 | 299 | 72,213 |
| 5 | बिहार | 213,236 | 7,056 | 401 | 220,693 |
| 6 | चंड़ीगढ़ | 8,763 | 699 | 57 | 9,519 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 63,856 | 4,276 | 426 | 68,558 |
| 8 | दिल्ली | 119,681 | 13,332 | 1,535 | 134,548 |
| 9 | गोवा | 8,086 | 477 | 32 | 8,595 |
| 10 | गुजरात | 368,089 | 26,201 | 2,115 | 396,405 |
| 11 | हरियाणा | 166,831 | 11,701 | 815 | 179,347 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 25,487 | 1,230 | 93 | 26,810 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 72,866 | 1,443 | 77 | 74,386 |
| 14 | झारखंड | 79,531 | 3,198 | 229 | 82,958 |
| 15 | कर्नाटक | 296,849 | 15,983 | 1,375 | 314,207 |
| 16 | केरल | 110,652 | 6,548 | 430 | 117,630 |
| 17 | लद्दाख | 2,244 | 53 | 2 | 2,299 |
| 18 | लक्षदीप | 206 | 1 | - | 207 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 234,796 | 10,154 | 676 | 245,626 |
| 20 | महाराष्ट्र | 932,684 | 34,975 | 3,502 | 971,161 |
| 21 | मणिपुर | 13,464 | 228 | 11 | 13,703 |
| 22 | मेघालय | 2,064 | 146 | 16 | 2,226 |
| 23 | मिजोरम | 3,462 | 71 | 2 | 3,535 |
| 24 | नागालैंड | 3,229 | 78 | 8 | 3,315 |
| 25 | ओडिशा | 100,402 | 5,039 | 372 | 105,813 |
| 26 | पुडुचेरी | 7,813 | 359 | 37 | 8,209 |
| 27 | पंजाब | 173,259 | 8,916 | 651 | 182,826 |
| 28 | राजस्थान | 377,296 | 14,033 | 842 | 392,171 |
| 29 | सिक्किम | 1,703 | 64 | 7 | 1,774 |
| 30 | तमिलनाडु | 517,192 | 21,537 | 1,463 | 540,192 |
| 31 | तेलंगाना | 151,535 | 8,867 | 800 | 161,202 |
| 32 | दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव | 3,733 | 376 | 46 | 4,155 |
| 33 | त्रिपुरा | 6,350 | 329 | 22 | 6,701 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 392,022 | 19,893 | 1,537 | 413,452 |
| 35 | उत्तराखंड | 47,171 | 2,295 | 159 | 49,625 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 157,185 | 11,676 | 978 | 169,839 |
| **कुल:-** | | **4,873,118** | **243,545** | **19,591** | **5,136,254** |

| वित्त वर्ष 2022-23 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | राज्य | सूक्ष्म | लघु | मध्यम | कुल |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 3,803 | 70 | - | 3,873 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 239,790 | 5,437 | 251 | 245,478 |
| 3 | अरूणाचल प्रदेश | 6,836 | 113 | 2 | 6,951 |
| 4 | असम | 130,908 | 2,446 | 93 | 133,447 |
| 5 | बिहार | 316,563 | 6,026 | 187 | 322,776 |
| 6 | चंड़ीगढ़ | 9,795 | 301 | 14 | 10,110 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 105,384 | 2,876 | 185 | 108,445 |
| 8 | दिल्ली | 170,148 | 8,054 | 599 | 178,801 |
| 9 | गोवा | 15,129 | 332 | 23 | 15,484 |
| 10 | गुजरात | 506,626 | 14,001 | 811 | 521,438 |
| 11 | हरियाणा | 230,626 | 5,814 | 303 | 236,743 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 46,164 | 908 | 48 | 47,120 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 102,684 | 1,151 | 56 | 103,891 |
| 14 | झारखंड | 140,047 | 2,113 | 69 | 142,229 |
| 15 | कर्नाटक | 412,054 | 10,071 | 548 | 422,673 |
| 16 | केरल | 176,558 | 3,665 | 178 | 180,401 |
| 17 | लद्दाख | 3,185 | 21 | 1 | 3,207 |
| 18 | लक्षदीप | 334 | - | - | 334 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 837,320 | 6,417 | 256 | 843,993 |
| 20 | महाराष्ट्र | 1,194,455 | 19,096 | 1,365 | 1,214,916 |
| 21 | मणिपुर | 21,042 | 175 | 7 | 21,224 |
| 22 | मेघालय | 6,525 | 137 | 12 | 6,674 |
| 23 | मिजोरम | 7,803 | 48 | 1 | 7,852 |
| 24 | नागालैंड | 7,217 | 79 | 4 | 7,300 |
| 25 | ओडिशा | 168,133 | 3,523 | 133 | 171,789 |
| 26 | पुडुचेरी | 11,351 | 173 | 20 | 11,544 |
| 27 | पंजाब | 264,875 | 4,796 | 254 | 269,925 |
| 28 | राजस्थान | 510,918 | 7,134 | 270 | 518,322 |
| 29 | सिक्किम | 3,097 | 49 | 4 | 3,150 |
| 30 | तमिलनाडु | 720,189 | 9,686 | 513 | 730,388 |
| 31 | तेलंगाना | 225,380 | 5,303 | 316 | 230,999 |
| 32 | दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव | 4,837 | 223 | 26 | 5,086 |
| 33 | त्रिपुरा | 16,267 | 291 | 23 | 16,581 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 1,455,082 | 14,866 | 657 | 1,470,605 |
| 35 | उत्तराखंड | 71,806 | 1,271 | 47 | 73,124 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 270,070 | 8,247 | 383 | 278,700 |
| **कुल:-** | | **8,413,001** | **144,913** | **7,659** | **8,565,573** |

**दिनांक 11.01.2023 को उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म की शुरुआत की गई*

| वित्त वर्ष 2023-24 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | राज्य | सूक्ष्म | लघु | मध्यम | कुल |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 5,394 | 26 | 2 | 5,422 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 1,314,155 | 2,921 | 109 | 1,317,185 |
| 3 | अरूणाचल प्रदेश | 10,933 | 91 | 5 | 11,029 |
| 4 | असम | 401,721 | 1,636 | 67 | 403,424 |
| 5 | बिहार | 1,629,956 | 3,034 | 132 | 1,633,122 |
| 6 | चंडीगढ़ | 22,173 | 234 | 13 | 22,420 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 473,365 | 1,555 | 78 | 474,998 |
| 8 | दिल्ली | 413,835 | 5,136 | 354 | 419,325 |
| 9 | गोवा | 45,941 | 228 | 14 | 46,183 |
| 10 | गुजरात | 1,380,470 | 10,088 | 468 | 1,391,026 |
| 11 | हरियाणा | 515,242 | 3,206 | 155 | 518,603 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 87,814 | 514 | 26 | 88,354 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 291,639 | 1,026 | 56 | 292,721 |
| 14 | झारखंड | 613,420 | 1,051 | 43 | 614,514 |
| 15 | कर्नाटक | 1,533,065 | 5,714 | 289 | 1,539,068 |
| 16 | केरल | 621,046 | 2,045 | 95 | 623,186 |
| 17 | लद्दाख | 7,162 | 31 | - | 7,193 |
| 18 | लक्षदीप | 396 | - | - | 396 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 1,369,434 | 3,705 | 207 | 1,373,346 |
| 20 | महाराष्ट्र | 2,722,114 | 12,215 | 833 | 2,735,162 |
| 21 | मणिपुर | 46,923 | 70 | 4 | 46,997 |
| 22 | मेघालय | 15,684 | 103 | 9 | 15,796 |
| 23 | मिजोरम | 16,402 | 59 | 4 | 16,465 |
| 24 | नागालैंड | 25,859 | 41 | 2 | 25,902 |
| 25 | ओडिशा | 1,042,224 | 2,063 | 82 | 1,044,369 |
| 26 | पुडुचेरी | 35,638 | 103 | 9 | 35,750 |
| 27 | पंजाब | 591,487 | 3,146 | 126 | 594,759 |
| 28 | राजस्थान | 1,130,046 | 4,395 | 187 | 1,134,628 |
| 29 | सिक्किम | 8,038 | 46 | 3 | 8,087 |
| 30 | तमिलनाडु | 1,768,023 | 5,616 | 326 | 1,773,965 |
| 31 | तेलंगाना | 1,020,069 | 3,397 | 211 | 1,023,677 |
| 32 | दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव | 9,421 | 97 | 9 | 9,527 |
| 33 | त्रिपुरा | 168,411 | 201 | 11 | 168,623 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 2,509,806 | 10,327 | 465 | 2,520,598 |
| 35 | उत्तराखंड | 209,573 | 819 | 38 | 210,430 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 2,761,252 | 5,693 | 303 | 2,767,248 |
| **कुल:-** | | **24,818,131** | **90,632** | **4,735** | **24,913,498** |

**दिनांक 11.01.2023 को उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म की शुरुआत की गई*

| वित्त वर्ष 2024-25 (01/04/2024-24/07/2024) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | राज्य | सूक्ष्म | लघु | मध्यम | कुल |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 1,311 | 5 | - | 1,316 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 222,547 | 657 | 37 | 223,241 |
| 3 | अरूणाचल प्रदेश | 2,141 | 16 | 5 | 2,162 |
| 4 | असम | 105,364 | 337 | 34 | 105,735 |
| 5 | बिहार | 252,220 | 579 | 26 | 252,825 |
| 6 | चंडीगढ़ | 5,627 | 43 | 1 | 5,671 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 116,289 | 339 | 22 | 116,650 |
| 8 | दिल्ली | 109,060 | 935 | 65 | 110,060 |
| 9 | गोवा | 8,743 | 36 | 6 | 8,785 |
| 10 | गुजरात | 324,979 | 1,470 | 83 | 326,532 |
| 11 | हरियाणा | 209,171 | 703 | 54 | 209,928 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 32,282 | 110 | 6 | 32,398 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 101,656 | 113 | 13 | 101,782 |
| 14 | झारखंड | 121,564 | 219 | 12 | 121,795 |
| 15 | कर्नाटक | 544,931 | 1,235 | 70 | 546,236 |
| 16 | केरल | 160,929 | 494 | 16 | 161,439 |
| 17 | लद्दाख | 1,602 | 7 | - | 1,609 |
| 18 | लक्षदीप | 121 | - | - | 121 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 459,673 | 725 | 47 | 460,445 |
| 20 | महाराष्ट्र | 879,052 | 2,422 | 213 | 881,687 |
| 21 | मणिपुर | 9,258 | 32 | 3 | 9,293 |
| 22 | मेघालय | 4,654 | 27 | 2 | 4,683 |
| 23 | मिजोरम | 4,434 | 9 | - | 4,443 |
| 24 | नागालैंड | 5,575 | 12 | - | 5,587 |
| 25 | ओडिशा | 186,809 | 397 | 24 | 187,230 |
| 26 | पुडुचेरी | 10,729 | 22 | 4 | 10,755 |
| 27 | पंजाब | 238,516 | 547 | 33 | 239,096 |
| 28 | राजस्थान | 399,458 | 967 | 65 | 400,490 |
| 29 | सिक्किम | 2,992 | 6 | - | 2,998 |
| 30 | तमिलनाडु | 555,811 | 1,097 | 69 | 556,977 |
| 31 | तेलंगाना | 228,790 | 804 | 70 | 229,664 |
| 32 | दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव | 2,115 | 21 | 2 | 2,138 |
| 33 | त्रिपुरा | 19,765 | 34 | 2 | 19,801 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 492,803 | 1,825 | 96 | 494,724 |
| 35 | उत्तराखंड | 43,465 | 153 | 12 | 43,630 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 245,944 | 1,274 | 98 | 247,316 |
| कुल:- | | **6,110,380** | **17,672** | **1,190** | **6,129,242** |

**दिनांक 11.01.2023 को उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म की शुरुआत की गई*